

# जन्मदिन पर पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

▶ शेयर मार्केट में हुआ घाटा और कर्ज ने उजाड़ दिया परिवार

नव भारत न्यूज

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र की गली नंबर-3 में मंगलवार सुबह एक घर से पति-पत्नी के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पति ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की और फिर खुद फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली. घटना ने इसलिए भी सबको झकझोर दिया, क्योंकि जिस दिन यह हादसा हुआ, उसी दिन पति का जन्मदिन था.

मंगलवार सुबह जब घर के भीतर से कोई हलचल नहीं हुई और दरवाजा बंद मिला तो बच्चों को शक हुआ. खिड़की से झांककर देखा तो पिता एकनाथ वाघ फंदे पर लटके दिखाई दिए, जबकि मां रोहिणी दूसरे कमरे में मृत पड़ी थीं. सूचना मिलते ही परदेशीपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की. मौके का मंजर बेहद दर्दनाक था. रोहिणी के शव के पास टूटी हुई चूड़ियां पड़ी मिलीं, जिससे पुलिस को अंदेशा है कि वारदात से पहले पति-पत्नी के बीच संघर्ष हुआ था. वहीं, एकनाथ का शव फंदे पर मिला और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था. पुलिस का अनुमान है कि फांसी लगाते समय आवाज बाहर न जाए, इसलिए उन्होंने खुद ही मुंह में कपड़ा ठूंसा होगा. पुलिस की प्रायमरी जांच में सामने आया है कि वारदात से पहले एकनाथ ने अपने दोनों बेटों 17 वर्षीय मोहित और 13 वर्षीय मयंक को सुबह करीब 8 बजे पैसे देकर दूध लेने बाजार भेज दिया था. करीब 20 मिनट बाद जब दोनों बच्चे लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला. खिड़की से झांककर देखा तो पिता फंदे पर लटके थे और मां दूसरे कमरे में मृत पड़ी थी. इसके बाद बच्चों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी.




## अपने दो मकान बेचने के बाद भी कर्ज से नहीं उबर सका एकनाथ

परिजनों का कहना है कि एकनाथ पहले मैकेनिक का काम करते थे, लेकिन कुछ समय से उन्होंने शेयर मार्केट में पैसा लगाना शुरू कर दिया था. इसी दौरान उन्हें भारी नुकसान हुआ और वे कर्ज में डूबते चले गए. आर्थिक संकट से निकलने के लिए उन्होंने जीवन की फेल स्थित अपना मकान करीब 9 लाख रुपए में और एमआर-10 क्षेत्र में स्थित दूसरा मकान करीब 6 लाख रुपए में बेच दिया था. इसके बावजूद वे कर्ज के बोझ से बाहर नहीं निकल पाए और लगातार तनाव में रहने लगे थे.

## काफी मिलनसार और व्यवहारिक थे बाघ दंपति

घटना की खबर पूरे परिवार के लिए वज्रपात बनकर आई. एकनाथ के भाई संतोष का कहना है कि आज ही एकनाथ का जन्मदिन था. सुबह जब भतीजे का फोन आया तो उन्हें लगा कि वह जन्मदिन की बधाई देने के लिए फोन कर रहा है, लेकिन फोन उठाते ही भाई और भाभी की मौत की खबर मिली. घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है. आसपास के लोगों से बातचीत की तो लोगों ने बताया कि परिवार सामान्य और मिलनसार था, लेकिन पिछले कुछ समय से एकनाथ काफी परेशान और तनाव में नजर आते थे.

## सभी पहलुओं पर जांच कर रही पुलिस

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह का कहना है कि मामले में फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस मकान मालिक और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या शेयर मार्केट में नुकसान के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कर्ज वसूली का दबाव भी बनाया जा रहा था.

# इंटरनेशनल ट्रेडिंग और एआई बॉट के नाम पर लाखों की ठगी

▶ टेलीग्राम ग्रुप के जरिये जाल में फंसाया युवक को

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक और युवक को निवेश के नाम पर अपना शिकार बनाया है. ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिए %इंटरनेशनल मार्केट% और एआई ट्रेडिंग बॉट का झांसा देकर फरियादी से लाखों रुपये ऐंठ लिए. गिरोह ने फर्जी प्रॉफिट प्रुफ और फर्जी चैट्स के जरिए युवक को विश्वास में लिया और फिर अलग-अलग किस्तों में राशि ट्रांसफर करवा ली. पुलिस ने अज्ञात टेलीग्राम ग्रुप एडमिन के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.थाना प्रभारी निरज बिरथरे ने बताया कि फरियादी संजय बनवार पिता किशोर बनवार निवासी कुंदन नगर द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है. फरियादी ने बताया कि 30 अक्टूबर 2025 को उसे सैक्सोग्रोथ इन्वेस्टमैंट (वर्ल्ड वाइड) नाम के एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया था. ग्रुप के एडमिन ने संजय से चैट के जरिए संपर्क किया और दावा किया कि यदि वे उनके साथ इंटरनेशनल मार्केट में ट्रेडिंग करते हैं, तो उन्हें खुद कुछ करने की जरूरत नहीं होगी. ठग ने बताया कि उनका 'एआई ट्रेडिंग बॉट' 100 प्रतिशत सटीकता के साथ निवेश करेगा और भारी मुनाफा कमा कर देगा. ग्रुप में कई अन्य सदस्य भी अपने प्रॉफिट के स्क्रीनशॉट और प्रुफ शेयर कर रहे थे. जब संजय ने उन सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से चैट की, तो उन्होंने भी इस प्लेटफॉर्म को असली बताया जो कि संभवत: ठगों के ही साथी या फर्जी अकाउंट थे. जब संजय झांसे में आ गया, तो आरोपियों ने उनका बाइनेंस और कू-कॉइन जैसे क्रिप्टोकरेंसी ऐप्स पर अकाउंट बनवाया. इसके बाद क्रिप्टो करेंसी दिलाने के बहाने आरोपियों ने अपनी पहचान छुपाते हुए अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से संजय से 2 लाख 10 हजार 200 रुपये की राशि ट्रांसफर करवा ली. पैसे जमा होने के बाद जब कोई मुनाफा नहीं मिला और ग्रुप एडमिन ने बात करना बंद कर दिया, तब संजय को ठगी का अहसास हुआ.

## डिजिटल पदचिन्हों की जांच की जा रही

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है. साइबर सेल की मदद से उन यूपीआई आईडी और टेलीग्राम ग्रुप के डिजिटल पदचिह्नों की जांच की जा रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके.

# मोबाइल पर आई एक फाइल और खाते से उड़ गए 1 लाख रुपए

▶ एपीके फाइल भेजकर साइबर ठगों ने किसान को बनाया शिकार

इंदौर. आधुनिक दौर में मोबाइल पर आने वाली अनजान फाइलें कितनी खतरनाक हो सकती हैं, इसका ताजा उदाहरण देपालपुर क्षेत्र में देखने को मिला है. यहां एक अज्ञात जालसाज ने फरियादी के मोबाइल पर एपीके फाइल की लिंक भेजकर उनके बैंक खाते में सेंध लगा दी और पलक झपकते ही एक लाख रुपए पार कर दिए. देपालपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल ने बताया कि ठगी की यह वारदात चिमनखेड़ी निवासी सचिन पिता गजानंद सेठ के साथ 17 फरवरी की शाम को हुई. सचिन ने अपनी शिकायत में बताया कि शाम करीब 6.35 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से एक लिंक और एपीके फाइल आई थी. जैसे ही उन्होंने उत्सुकतावश उस फाइल को डाउनलोड कर ओपन किया, उनके बैंक खाते से एक लाख रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर हो गए.

## साइबर डेस्क खंगाल रही है ट्रांजेक्शन की कड़ी

अचानक हुई इस बड़ी कटौती से पीड़ित दंग रह गया और तुरंत पुलिस की शरण ली. देपालपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला साइबर डेस्क को सौंप दिया है. तकनीकी टीम अब उस लिंक के स्रोत और जिस खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उसकी जानकारी जुटा रही है.

# जन्मदिन रैली में कार पर स्टंट करने वाले छात्र नेता पर केस दर्ज

▶ बिना अनुमति निकाली थी कार-बाइक रैली

▶ स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर किया पोस्ट



इंदौर. सांसद प्रतिनिधि के जन्मदिन पर कारों और बाइकों की रैली निकालकर स्टंट करना एक छात्र नेता को महंगा पड़ गया. जूनी इंदौर पुलिस ने बिना अनुमति रैली निकालने और यातायात बाधित करने के आरोप में छात्र नेता आयुष भार्गव के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार, शनिवार 7 मार्च की रात आयुष भार्गव ने सांसद प्रतिनिधि पंकज फतेचंदानी के जन्मदिन के मौके पर टॉवर चौराहे से सिंधी कॉलोनी तक कार और बाइक की रैली निकाली थी. इस दौरान कार नम्बर एमपी 09 एवी 1186 की छत पर खड़े होकर स्टंट किए जा रहे थे, जिससे सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ. बताया गया है कि रैली में करीब 20 से अधिक कार और बाइक शामिल थीं. पुलिस से किसी प्रकार की अनुमति लिए बिना यह जुलूस निकाला गया था. घटना का वीडियो भी आयुष भार्गव ने अपनी सोशल मीडिया आईडी पर साझा किया था. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत आयुष भार्गव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

## एक नजर में

### शीतला सप्तमी : मंदिरों में रात से सुबह तक लगी रहीं कतारें



महू. नगर में शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सोमवार आधी रात से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. विशेषकर महिलाओं ने माता शीतला की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की. शहर के कायस्थ मोहल्ला, जोशी मोहल्ला, चक्कीवाले महादेव मंदिर परिसर और कनाट रोड स्थित शीतला माता मंदिरों में रात करीब 12 बजे से ही श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं. यह क्रम मंगलवार सुबह तक अनवरत जारी रहा. महिलाएं अपने घरों से ठंडे व्यंजन और प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचीं. उन्होंने माता शीतला को भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की. कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना रहा. सुबह तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

### महिला दिवस पर पायल परदेसी को किया सम्मानित



महू. संस्कृति म्यूजिक ग्रुप द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में शिक्षिका और समाजसेविका पायल परदेशी को शिक्षा साहित्य और कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया. यह सम्मान उन्हें जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, समाजसेवी धनराज परदेशी, रामकिशोर शुक्ला, जीतमल वर्मा, नवीन सैनी, दिलीप गोयल, लक्ष्मी नारायण बोरीवाल, दिनेश कलोसिया, राजकुमार बागड़ी, राजेंद्र श्रीवास, संजय दीवान द्वारा प्रदान किया गया.

### निजी कॉलोनी में लिया जा रहा सुविधाओं का रखरखाव शुल्क

महू. महू विधानसभा क्षेत्र की एक निजी कॉलोनी के रहवासियों ने स्पष्ट किया है कि कॉलोनी में विभिन्न सुविधाओं के रख-रखाव के लिए उनकी सहमति से प्रति घर 400 रुपए मासिक शुल्क लिया जा रहा है. रहवासियों के अनुसार यह राशि नर्मदा जल प्रदाय, ड्रेनेज व्यवस्था की साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट के रखरखाव के लिए निर्धारित की गई है. दरअसल, नगर परिषद महूगांव के अंतर्गत आने वाली इस निजी कॉलोनी में रहवासी लंबे समय से नर्मदा जल की व्यवस्था के लिए प्रयासरत थे. इस दौरान विधायक उषा ठाकुर और नगर परिषद अध्यक्ष नवीन तिवारी ने कॉलोनी वासियों की समस्या को सुनते हुए समाधान की दिशा में पहल की. उनके प्रयासों से कॉलोनी में नर्मदा जल प्रदाय की व्यवस्था शुरू की गई. कॉलोनी वासियों का कहना है कि यह राशि कॉलोनी में आवश्यक सुविधाओं के सुचारू संचालन और रखरखाव के लिए ली जा रही है, जिससे क्षेत्र के रहवासियों को नियमित रूप से पानी, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था का लाभ मिल रहा है.

### सूने मकान से जेवर और नकदी चोरी

इंदौर. तिलकनगर थाना क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी (स्कीम नंबर 140) में अज्ञात बदमाश ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि प्रीति पति पुष्पेंद्र पटेल (32) निवासी 64 वृंदावन कॉलोनी स्कीम नंबर 140 की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. फरियादिया ने बताया कि 7 मार्च की सुबह करीब 5 बजे के आसपास अज्ञात बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और अलमारी में रखे जेवर व नकदी चोरी कर ले गया. चोरी गए सामान में करीब आधा किलो चांदी की पायल, 250 ग्राम चांदी का कंदोरा, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी पायल, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कान के टॉप्स और 4500 रुपए नकद शामिल हैं. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पुलिस की जनसुनवाई में पहुंचीं 65 शिकायतें

▶ पुलिस कमिश्नर ने आवेदकों से संवाद कर दिए निराकरण के निर्देश

▶ पारिवारिक विवाद, जमीन धोखाधड़ी, फाइनेंशियल फ्रॉड आदि शिकायतें आईं

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याएं पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखीं. पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक आवेदक से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए.**



मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के तुरंत निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है. इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई. इसमें पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए. जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक और घरेलू विवाद, आपसी झगड़े, पैसों के लेनदेन, फाइनेंशियल फ्रॉड, जमीन और प्लाट से जुड़ी धोखाधड़ी, महिला अपराध सहित अन्य पुलिस संबंधी मामलों की कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुईं.

पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह सहित सभी जोन के अधिकारी भी उपस्थित रहे और पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार आवेदकों की शिकायतों को सुनकर आवश्यक कार्रवाई की.

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. मृतक का नाम प्रताप पिता महेंद्र सिंह चौहान (36), निवासी गोमा की फेल बताया गया है. युवक ने बीती देर रात अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी. थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही तुकोगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया. फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. पुलिस जांच कर रही है.

## दो नाबालिगों से चाकू जब्त

इंदौर. चंदननगर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो नाबालिगों के पास से धारदार चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि संजय गांधी कॉलोनी महू निवासी 16 वर्षीय रणवीर सिलावट को 7 मार्च की रात करीब 10.40 बजे चंदननगर स्थित पानी की टंकी के पास पकड़ा गया. तलाशी लेने पर उसके पास से लोहे का स्प्रिंगदार धारदार चाकू बरामद हुआ. इसी तरह उमरिया कॉलोनी महू निवासी 16 वर्षीय शौर्य गिरजे को रात करीब 10.45 बजे एचपी पेट्रोल पंप के सामने चंदननगर चौराहे से पकड़ा गया. उसके पास से भी लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया. दोनों मामलों में पुलिस ने धारा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है.

# छोटी ग्वालटोली में वेल्डिंग के दौरान बाइक में लगी आग

इंदौर. छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक बाइक में अचानक आग लग गई. बताया जा रहा है कि सीट कवर की दुकानों वाली लाइन में वेल्डिंग का काम चल रहा था, इसी दौरान निकली चिंगारी से एक बाइक में आग भड़क उठी.



घटना छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में हुई, जहां सीट कवर और वाहन से जुड़े काम की कई दुकानें संचालित होती हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वेल्डिंग का काम करते समय अचानक चिंगारी पास खड़ी एक बाइक पर जा गिरी, जिससे बाइक में आग लग गई और देखते ही देखते तेज लपटें उठने लगीं. आग लगते ही आसपास मौजूद दुकानदारों और लोगों में हड़कंप मच गया. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पानी और अन्य साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि बाइक को नुकसान पहुंचा है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# अश्लील कमेंट का विरोध करना पड़ा महंगा

▶ बाइक सवार बदमाशों ने किया पथराव, वीडियो वायरल

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र में मनचलों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अश्लील कमेंट का विरोध करने पर उन्होंने एक परिवार के घर को निशाना बनाया. बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने रात के अंधेरे में घर पर जमकर पथराव किया, जिससे खिड़कियों के कांच फूट गए. घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि एक युवती की शिकायत पर आरोपी बॉबी और उसके साथी ऋषि कुशवाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उस पर अश्लील कमेंट किए थे और बदतमीजी की थी. जब परिवार के सदस्यों ने इस अभद्र व्यवहार का विरोध किया, तो आरोपियों ने देख लेने की धमकी दी. विवाद के कुछ समय बाद, आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आए और पीड़िता के घर पर पथराव शुरू कर दिया. पत्थरबाजी से घर की खिड़कियों के कांच टूट गए और परिवार में दहशत फैल गई. शोर मचाने और पड़ोसियों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए. पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना का स्पष्ट वीडियो उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामूली धाराओं में केस दर्ज किया है. उन्होंने पुलिस को पथराव और उत्पात का वीडियो भी सौंपा है. वहीं, बाणगंगा थाना पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है और वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है.

**एम नजर में** ▶ सीवरेज लाइन चौक होने से वर्षों से दूषित पानी और जलजमाव की समस्या से जूझ रहे बापू गांधीनगर क्षेत्र के रहवासी

# कई क्षेत्रों में गंभीर चुनौती बनी हुई है सीवरेज लाइन की समस्या

इंदौर. शहर में यूं तो जन सुविधाओं से जुड़ी अनेक समस्याएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं, लेकिन इनमें कुछ समस्याएं ऐसी हैं, जिनका समाधान वर्षों बाद भी नहीं हो पाता. इसी तरह की एक सबसे गंभीर समस्या है सीवरेज लाइन. यह समस्या एक पुरानी और गंभीर चुनौती बनी हुई है. कई वार्डों में सालों से निवासियों को दूषित पानी और जलजमाव का सामना करना पड़ रहा है. देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब पाने के बावजूद, शहर के कई इलाकों में पुरानी पाइपलाइनों के कारण सीवर का पानी पीने के पानी की पाइपलाइन में मिल रहा है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं और रहवासी लंबे समय से परेशान हैं.



देवास नाका के समीप स्थित वार्ड 31 के अंतर्गत आने वाले बापू गांधीनगर क्षेत्र में सीवरेज लाइन की समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है. क्षेत्रवासियों के अनुसार यहां डाली गई सीवरेज लाइन काफी पुरानी और संकरी है, जिसके कारण वह बार-बार चोक हो जाती है. स्थिति यह रहती है कि चैंबरों से गंदा पानी और गंदगी सडकों पर फैल जाती है, जिससे आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. जब सीवरेज लाइन अधिक चोक होने लगती है तो उसका असर पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ता है. कई बार नर्मदा लाइन के माध्यम से घरों के नलों में दूषित पानी आने लगता है. जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी बना रहता है. क्षेत्र के लोगों द्वारा इस समस्या को लेकर नगर निगम में कई बार शिकायतें भी दर्ज कराई जा चुकी हैं, लेकिन अब तक न तो सीवरेज लाइन को बदला गया है और न ही समस्या के स्थाई समाधान के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है. स्थानीय रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नई और पर्याप्त क्षमता वाली सीवरेज लाइन डाली जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही इस समस्या से लोगों को राहत मिल सके.

## यह बोले रहवासी...



ड्रेनेज लाइन के चेंबर चौक हो जाते हैं और नालों में गंदा पानी भी आने लगता है, इससे तो सभी परेशान हैं. यह हमेशा की समस्या है लेकिन कोई सुध ही नहीं ले रहा.
– सुशीला बाई



हर दो-चार दिन में लाइन चौक हो जाती है. चैंबर उफनने लगते हैं, गंदगी सडक पर बहने लगती है. फोन करो तो सफाईकर्मी साफ कर जाते हैं, बाद में फिर वही समस्या खड़ी हो जाती है.
– मीरा बाई



बार-बार लाइन चौक होने की शिकायत हमने जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार की, वे कहते हैं कि लाइन जल्दी बदलेंगे. बस बोलते है, लेकिन करते नहीं. अभी तक लाइन नहीं बदलने से समस्या वहीं के वहीं बनी हुई है.
– ललिता बाई

### स्वीकृति मिल चुकी है, शीघ्र बदली जाएगी लाइन



लाइन काफी पुरानी है, इसे बदलने के लिए कार्य स्वीकृत हो चुका है, जल्द ही इस कार्य को शुरू किया जाएगा. इससे सीवरेज चौक होने की समस्या खत्म हो जाएगी.
– बालमुकुंद सोनी, पार्षद